## कार्यालय– राजकीय मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र (जनाना अस्पताल)सीकर

*ई–मेल :–**mchsikar2017@gmail.com*** **Ph. 01572-244400**

क्रमांक / सम्पर्क / 2020 / 258 दिनांकः–30.12.2020

श्रीमान् प्रमुख चिकित्सा अधिकारी,
राज0 श्री कल्याण चिकित्सालय सीकर।

विषय :– परिवादी क्रमांक 1220539150883 दिनांक 28.12.2020।
संदर्भ :– पत्रांक सीबी / 2020 / 235 दिनांक 24.12.2020 की अनुपालना में जांच कमेटी के रिपार्ट।

## जांच कमेटी रिपोर्ट

शबनम पत्नि श्री साजिद अली निवासी वार्ड न0 10 सीकर दिनांक 01.12.2020 को ड्यूटी डॉ0 अमित कुमार जोशी के पास चैक अप के लिए आयी। उक्त मरीज को डॉ0 अमित कुमार जोशी ने Routine examination किया, इससे पहले मरीज ने इस अस्पताल में किसी भी प्रकार का एएनसी चैकअप नही करवाया तथा प्रथम प्रसव भी ऑपरेशन द्वारा किसी अन्य प्राइवेट संस्था पर करवाया था। डॉ0 अमित कुमार जोशी को Routine examination करते समय बच्चे का वजन तथा आकार बड़ा लगा तो इसके बारे में प्रसुता तथा उनके सम्बन्धियों को अवगत करवा गया तो प्रसुता के परीजनों के द्वारा चिकित्सक की बात समझने में गलतफहमी(Missunderstanding) हो गयी । चिकित्सक ने प्रसुता के शीघ्र ही ऑपरेशन करवाने की राय दी तथा भर्ती टिकट पर ऑपरेशन करने से सम्बन्धित नोट्स डाल दिये गए। उसके 20 मिनट बाद मरीज तथा परीजनों ने हंगामा कर दिया और ड्यूटी चिकित्सक से गलत व्यवहार किया एवं परीजनों द्वारा जैसे ही प्रसुता के चैकअप रुम में विडियोंग्राफी करनी चाही तो भर्ती अन्य प्रसुताओं की निजता का ख्याल रखते हुए डॉ0 अमित कुमार जोशी ने विडियोग्राफी बनाने से रोकने पर परीजनों द्वारा ज्यादा हंगामा कर दिया। इसके उपरांत आपसी समझाइस से मामला शांत करके प्रसुता का वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ महेन्द्र सिह बलारां द्वारा प्रसुता का ऑपरेशन द्वारा प्रसव करवा दिया गया। इसके बाद प्रसुता व उसके परीजन इलाज से संतुष्ट होकर चार दिन बाद प्रसुता एवं बच्चें के स्वस्थ्य होने पर डिस्चार्ज करवाकर घर चले गए।

अतः उक्त प्रकरण में ड्यूटी चिकित्सक कि किसी प्रकार की लापरवाही प्रतीत नही होती है।

| अध्यक्ष | सदस्य | सदस्य |
|---|---|---|
| डॉ0 बी0एल0 राड़ प्र0वि0 | डॉ0 जी.एस.बाजिया उपनिदेशक | डॉ0 सुशीला शर्मा प्र.मु.चि.अधि. |

Scanned by CamScanner